इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 37] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 16 सितम्बर 2011—भाद्र 25, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 अगस्त 2011

क्र. ई-5-529-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) इस विभाग के पत्र क्रमांक ई-13-49-2011-5-एक, दिनांक 27 जुलाई 2011 के अनुक्रम में श्री अजय तिर्की, आयएएस., सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा पदेन अपर विकास आयुक्त को दिनांक 1 से 3 अक्टूबर 2011 तक तीन दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री अजय तिर्की को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजय तिर्की अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

क्र. ई-5-794-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री रघुराज एम. आर., आयएएस., कलेक्टर, जिला टीकमगढ़ को दिनांक 5 से 10 सितम्बर 2011 तक बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 4 एवं 17, 18 सितम्बर 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री रघुराज एम. आर. की अवकाश की अवधि में श्री पन्नालाल सोलंकी, राप्रसे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, टीकमगढ़ को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ,

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला टीकमगढ़ का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री रघुराज एम. आर. को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला टीकमगढ़ के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री रघुराज एम. आर. द्वारा कलेक्टर, जिला टीकमगढ़ का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पन्नालाल सोलंकी, कलेक्टर, जिला टीकमगढ़ के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री रघुराज एम. आर. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रघुराज एम. आर. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2011

क्र. ई-1-278-2011-5-एक.—श्री आर. रामानुजम्, भाप्रसे (1979) अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा परिवहन विभाग की सेवाएं भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को अपर सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली के पद पर नियुक्ति के लिए सौंपी जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

क्र. ई-5-841-आयएएस-लीव-5-एक.—श्रीमती जयश्री कियावत, आयएएस., तत्का. कलेक्टर, जिला दतिया को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 7 मई 2011 द्वारा दिनांक 11 से 28 मई 2011 तक अठारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था. उक्त अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक 27 से 28 मई 2011 तक दो दिन का अर्जित अवकाश का उपभोग नहीं किये जाने के कारण निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2011

क्र. ई-5-814-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती उर्मिल मिश्रा, आयएएस., अपर आयुक्त, भोपाल/नर्मदापुरम, संभाग को दिनांक 11 से 20 जुलाई 2011 तक दस दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती उर्मिल मिश्रा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त, भोपाल/नर्मदापुरम, संभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती उर्मिल मिश्रा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती उर्मिल मिश्रा अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव कार्मिक.

भोपाल, दिनांक 27 अगस्त 2011

क्र. एफ-ए-5-19-2011-एक (1).— राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ. क्र. (1)	अवकाश अवधि (2)	कुल दिन (3)	अवकाश का प्रकार (4)	अभियुक्ति (5)
1.	दिनांक 11-7-2011 से दिनांक 15-7-2011 तक.	5	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित कम्युटेड अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 9 एवं 10 जुलाई 2011 एवं अवकाश के पश्चात् में दिनांक 16 एवं 17 जुलाई 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

क्र. एफ-ए-5-20-2011-एक (1).— राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति श्री जे. के. माहेश्वरी, न्यायाधीश, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ. क्र. (1)	अवकाश अवधि (2)	कुल दिन (3)	अवकाश का प्रकार (4)	अभियुक्ति (5)
1.	दिनांक 20-6-2011 से दिनांक 1-7-2011 तक.	12	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश अवधि के पश्चात् 2 एवं 3-7-2011 के सार्वजनिक अवकाश के लाभ उठाने के साथ.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 अगस्त 2011

क्र. 4 E-1-2011-A-सोलह.—मध्यप्रदेश औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (1960 का क्रमांक 27) की धारा 3 की उपधारा (1) तथा धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, इस संबंध में पूर्व में प्रसारित सभी अधिसूचनाओं को निरस्त करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री विनोद कुमार को मध्यप्रदेश राज्य के लिये क्रमशः "श्रमायुक्त" तथा "मुख्य सुलहकार" नियुक्त करता है.

No. 4E-1-2011-A-XVI.—In exercise of powers conferred by sub-section (1) of Section 3 and sub-section (1) of Section 4 of Madhya Pradesh Industrial Relations Act, 1960 (27 of 1960) in supersession of all the previous Notifications in this respect, the State Government hereby appoints Shri Vinod Kumar to be the "Commissioner of Labour" and "Chief Conciliator" respectively for the State of Madhya Pradesh.

क्र. एफ-1(ए)-13-10-ए-सोलह.—ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम, 1970 (1970 का 37) की धारा 11 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, तथा इस विभाग की इस निमित्त जारी की गई अन्य समस्त पूर्व अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट अधिकारियों को उक्त अधिनियम के अध्याय-चार के प्रयोजनों के लिये अनुज्ञापन अधिकारी के रूप में नियुक्त करती है तथा उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में तत्स्थायी प्रविष्टियों में ऐसी सीमाएं परिनिश्चित करती है जिनके भीतर ऐसा अनुज्ञापन अधिकारी, उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करेगा, अर्थात्:—

अनुसूची

अनु-क्रमांक (1)	अधिकारी का नाम (2)	परिनिश्चित सीमाएं (3)
1	उप श्रमायुक्त	राजस्व जिले के सुसंगत क्षेत्राधिकारी में.
2	सहायक श्रम आयुक्त, इन्दौर	राजस्व जिला इन्दौर
3	सहायक श्रम आयुक्त, भोपाल	राजस्व जिला भोपाल
4	सहायक श्रम आयुक्त, ग्वालियर.	राजस्व जिला ग्वालियर
5	सहायक श्रम आयुक्त, उज्जैन	राजस्व जिला उज्जैन
6	सहायक श्रम आयुक्त, सागर	राजस्व जिला सागर
7	सहायक श्रम आयुक्त, सतना	राजस्व जिला सतना
8	सहायक श्रम आयुक्त, जबलपुर	राजस्व जिला जबलपुर
9	सहायक श्रम आयुक्त, मन्दसौर	राजस्व जिला मन्दसौर
10	सहायक श्रम आयुक्त, नर्मदापुरम.	राजस्व जिला होशंगाबाद
11	सहायक श्रम आयुक्त, चंबल	राजस्व जिला मुरैना
12	सहायक श्रम आयुक्त, शहडोल	राजस्व जिला शहडोल
13	सहायक श्रम आयुक्त, सिंगरौली	राजस्व जिला सिंगरौली
14	श्रम पदाधिकारी, धार	राजस्व जिला धार (नालछा विकासखण्ड को छोड़कर)

(1)	(2)	(3)
15	श्रम पदाधिकारी, पीथमपुर	पीथमपुर (राजस्व जिला धार का विकासखण्ड नालछा).
16	श्रम पदाधिकारी, खरगोन	राजस्व जिला खरगोन
17	श्रम पदाधिकारी, बड़वानी	राजस्व जिला बड़वानी
18	श्रम पदाधिकारी, बुरहानपुर	राजस्व जिला बुरहानपुर
19	श्रम पदाधिकारी, खण्डवा	राजस्व जिला खण्डवा
20	श्रम पदाधिकारी, विदिशा	राजस्व जिला विदिशा
21	श्रम पदाधिकारी, राजगढ़	राजस्व जिला राजगढ़
22	श्रम पदाधिकारी, झाबुआ	राजस्व जिला झाबुआ
23	श्रम पदाधिकारी, अलीराजपुर	राजस्व जिला अलीराजपुर
24	श्रम पदाधिकारी, बैतूल	राजस्व जिला बैतूल
25	श्रम पदाधिकारी, हरदा	राजस्व जिला हरदा
26	श्रम पदाधिकारी, मण्डीदीप	राजस्व जिला रायसेन
27	श्रम पदाधिकारी, गुना	राजस्व जिला गुना
28	श्रम पदाधिकारी, शिवपुरी	राजस्व जिला शिवपुरी
29	श्रम पदाधिकारी, अशोकनगर	राजस्व जिला अशोकनगर
30	श्रम पदाधिकारी, श्योपुरकलां	राजस्व जिला श्योपुरकलां
31	श्रम पदाधिकारी, भिण्ड	राजस्व जिला भिण्ड (विकासखण्ड गोहद को छोड़कर).
32	श्रम पदाधिकारी, मालनपुर	मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र (राजस्व जिला भिण्ड का विकासखण्ड गोहद).
33	श्रम पदाधिकारी, रतलाम	राजस्व जिला रतलाम
34	श्रम पदाधिकारी, देवास	राजस्व जिला देवास
35	श्रम पदाधिकारी, शाजापुर	राजस्व जिला शाजापुर
36	श्रम पदाधिकारी, सीहोर	राजस्व जिला सीहोर
37	श्रम पदाधिकारी, दमोह	राजस्व जिला दमोह
38	श्रम पदाधिकारी, छतरपुर	राजस्व जिला छतरपुर
39	श्रम पदाधिकारी, पन्ना	राजस्व जिला पन्ना
40	श्रम पदाधिकारी, कटनी	राजस्व जिला कटनी
41	श्रम पदाधिकारी, छिन्दवाड़ा	राजस्व जिला छिन्दवाड़ा
42	श्रम पदाधिकारी, सिवनी	राजस्व जिला सिवनी
43	श्रम पदाधिकारी, मण्डला	राजस्व जिला मण्डला
44	श्रम पदाधिकारी, डिण्डौरी	राजस्व जिला डिण्डौरी
45	श्रम पदाधिकारी, बालाघाट	राजस्व जिला बालाघाट
46	श्रम पदाधिकारी, नीमच	राजस्व जिला नीमच
47	श्रम पदाधिकारी, रीवा	राजस्व जिला रीवा
48	श्रम पदाधिकारी, अनूपपुर	राजस्व जिला अनूपपुर
49	श्रम पदाधिकारी, उमरिया	राजस्व जिला उमरिया
50	श्रम पदाधिकारी, सीधी	राजस्व जिला सीधी
51	श्रम पदाधिकारी, दतिया	राजस्व जिला दतिया
52	श्रम पदाधिकारी, टीकमगढ़	राजस्व जिला टीकमगढ़
53	श्रम पदाधिकारी, नरसिंहपुर	राजस्व जिला नरसिंहपुर

No. F-1A-13-10-A-XVI.—In exercise of the powers conferred by Section 11 of the Contract Labour (Regulation and abolition) Act, 1970 (37 of 1970) and in suppression of this Department's all other previous Notifications issued in this behalf, the State Government hereby appoint the officers specified in column (2) of the Schedule given below to be the Licencing Officers for the purposes of Chapter—IV of the said Act and define the limits in the corresponding entries in column (3) of the said Schedule, within which a Licencing Officer shall exercise the powers conferred on him by or under the said Act, namely:—

SCHEDULE

No. (1)	Name of the Officer (2)	Defined Limits (3)
1	Deputy Labour Commissioner.	Revenue District of respective Jurisdiction.
2	Assistant Labour Commissioner, Indore.	Revenue District of Indore.
3	Assistant Labour Commissioner, Bhopal	Revenue District of Bhopal.
4	Assistant Labour Commissioner, Gwalior.	Revenue District of Gwalior.
5	Assistant Labour Commissioner, Ujjain.	Revenue District of Ujjain.

(1)	(2)	(3)
6	Assistant Labour Commissioner, Sagar.	Revenue District of Sagar.
7	Assistant Labour Commissioner, Satna.	Revenue District of Satna.
8	Assistant Labour Commissioner, Jabalpur.	Revenue District of Jabalpur.
9	Assistant Labour Commissioner, Mandsaur.	Revenue District of Mandsaur.
10	Assistant Labour Commissioner, Narmdapuram	Revenue District of Hoshangabad.
11	Assistant Labour Commissioner, Chambal.	Revenue District of Morena.
12	Assistant Labour Commissioner, Shahdol.	Revenue District of Shahdol.
13	Assistant Labour Commissioner, Singrauli.	Revenue District of Singrauli.
14	Labour Officer, Dhar	Revenue District of Dhar (excluding Nalchha Development Block).
15	Labour Officer, Pithampur.	Pithampur (Nalchha Development Block of Revenue District of Dhar.)
16	Labour Officer, Khargone	Revenue District of Khargone.
17	Labour Officer, Barwani	Revenue District of Barwani.
18	Labour Officer, Burhanpur.	Revenue District of Burhanpur.
19	Labour Officer, Khandwa.	Revenue District of Khandwa.
20	Labour Officer, Vidisha	Revenue District of Vidisha.
21	Labour Officer, Rajgarh	Revenue District of Rajgarh.
22	Labour Officer, Jhabua	Revenue District of Jhabua.
23	Labour Officer, Alirajpur.	Revenue District of Alirajpur.
24	Labour Officer, Betul	Revenue District of Betul.
25	Labour Officer, Harda	Revenue District of Harda.
26	Labour Officer, Madideep.	Revenue District of Raisen.
27	Labour Officer, Guna	Revenue District of Guna.
28	Labour Officer, Shivpuri.	Revenue District of Shivpuri.
29	Labour Officer, Ashoknagar.	Revenue District of Ashoknagar.
30	Labour Officer, Sheopurkala.	Revenue District of Sheopurkala.
31	Labour Officer, Bhind	Revenue District of Bhind (excluding Development Block Gohad).
32	Labour Officer, Malanpur	Malanpur Industrial Area Revenue District of Gohad Development Block Bhind.
33	Labour Officer, Ratlam	Revenue District of Ratlam.
34	Labour Officer, Dewas	Revenue District of Dewas.
35	Labour Officer, Shajapur	Revenue District of Shajapur.
36	Labour Officer, Sehore	Revenue District of Sehore.
37	Labour Officer, Damoh	Revenue District of Damoh.
38	Labour Officer, Chhatarpur.	Revenue District of Chhatarpur.
39	Labour Officer, Panna	Revenue District of Panna.
40	Labour Officer, Katni	Revenue District of Katni.
41	Labour Officer, Chhindwara.	Revenue District of Chhindwara.
42	Labour Officer, Seoni	Revenue District of Seoni.
43	Labour Officer, Mandla	Revenue District of Mandla.

(1)	(2)	(3)
44	Labour Officer, Dindori	Revenue District of Dindori.
45	Labour Officer, Balaghat.	Revenue District of Balaghat.
46	Labour Officer, Neemuch.	Revenue District of Neemuch.
47	Labour Officer, Reewa	Revenue District of Reewa.
48	Labour Officer, Anooppur.	Revenue District of Anooppur.
49	Labour Officer, Umaria	Revenue District of Umaria.
50	Labour Officer, Sidhi	Revenue District of Sidhi.
51	Labour Officer, Datia	Revenue District of Datia.
52	Labour Officer, Tikamgarh.	Revenue District of Tikamgarh.
53	Labour Officer, Narsinghpur.	Revenue District of Narsinghpur.

क्र. एफ-1(ए)-13-10-ए-सोलह.—ठेका श्रम (विनियमन और उत्सादन) अधिनियम, 1970 (1970 का 37) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, तथा इस विभाग की इस निमित्त जारी की गई अन्य समस्त पूर्व अधिसूचनाओं को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 7, धारा 8, धारा 12 या धारा 14 के अधीन कॉलम (2) में निर्दिष्ट अधिकारियों द्वारा जारी किसी आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत की गई अपील की सुनवाई करने के लिए नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट अधिकारियों को अपील अधिकारी के रूप में नाम-निर्दिष्ट करती है, अर्थात्:—

अनुसूची

अनु-क्रमांक	रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन अधिकारी का पदनाम	अपील अधिकारी का पदनाम
(1)	(2)	(3)
1	श्रम पदाधिकारी	उप श्रमायुक्त
2	सहायक श्रमायुक्त	उप श्रमायुक्त
3	उप श्रमायुक्त	अपर श्रमायुक्त

No. F-1(A) 13-10-A-XVI.—In exercise of the powers conferred by Section 15 of the Contract Labour (Regulation and abolition) Act, 1970 (37 of 1970) and in suppression of this deparment's all other previous notifications issued in this behalf, the State Government hereby, appoint the officers specified in column (3) to be appellate Officers to hear an appeal preferred against an order made under section 7, section 8, section 12 or Section 14 issued by an Officer specified in column (2) of the Schedule given below, namely:—

SCHEDULE

No.	Designation of the Registering and licensing Officer	Designation of the Appellate Officer
(1)	(2)	(3)
1	Labour Officer	Deputy Labour Commissioner.
2	Assistant labour Commissioner	Deputy Labour Commissioner.
3	Deputy Labour Commissioner.	Addl. Labour Commissioner.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. पी. कबीरपंथी, अपर सचिव.

पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2011

क्र. एफ. 6-1-2011-चौवन-2.—मध्यप्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1996 की धारा 3(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, निम्न व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग में सदस्य के पद पर नियुक्त करता है:—

1. श्री त्रिलोचन सिंह, इंदौर
2. श्री आनंद बर्नाड, जबलपुर

(2) उक्त सदस्यों का कार्यकाल, कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अधिनियम की धारा 4(1) के अन्तर्गत तीन वर्ष का होगा.

(3) उनकी सेवा शर्तें एवं सुविधाएं वित्त विभाग के आदेश क्र. एफ-11-2-2007-नियम-4, दिनांक 20 अप्रैल 2007 के अनुसार देय होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. एस. खैरवार, उपसचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 अगस्त 2011

क्र. एफ-1(ए) 274-86-ब-2-दो.—श्री के. एल. मीणा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (यातायात) पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्था पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 11 जून 2011 से दिनांक 17 जून 2011 तक कुल सात दिवस का कार्योत्तर अर्जित अवकाश दिनांक 18, 19 जून 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री के. एल. मीणा, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, (यातायात) पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्था पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री के. एल. मीणा, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. एल. मीणा, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक दास, अपर मुख्य सचिव.

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

क्र. एफ. 1-3-2009-3 अड़तीस.—यतः महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कार्यकलापों के कुप्रबंध के संबंध में उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट तथा सामग्री के आधार पर, राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि ऐसी स्थिति उद्भूत हो गई है जिसमें महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (क्रमांक 15 सन् 2008) के उपबन्धों के अनुसार उक्त विश्वविद्यालय का प्रशासन नहीं चलाया जा सकता है और इसलिए यह समीचीन है कि उक्त अधिनियम की धारा 52 के उपबंधों को लागू किया जाए ताकि विश्वविद्यालय के हितों का अहित किए बिना प्रशासन चलाया जा सके.

अतएव, महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 2006 (क्रमांक 15 सन् 2008) की धारा 52 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निदेश देती है कि उक्त अधिनियम की धारा 52 की उपधारा (2), (3), (4) तथा (5) के उपबन्ध, उक्त विश्वविद्यालय को 29 अगस्त, 2011 से लागू होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. पी. सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

क्र. एफ-01-3-2009-3-अड़तीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-52-3-2011-3-38, दिनांक 29 अगस्त 2011 का, अंग्रेजी अनुवाद, राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. पी. सिंह, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th August 2011

No. F.-1-3-2009-XXXVIII-3.—WHEREAS, on the basis of a report and material which has been made available regarding mismanagement of affairs of the Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic University, Ujjain, the State Government is satisfied that a situation has arisen in which the administration of the said University can not be carried out in accordance with the provisions of the Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic University Adhiniyam, 2006 (No. 15 of 2008) and it is, therefore, expendient in the interest of the University that the provisions of Section 52 of the said Act be enforced so that the administration can be carried out without detriment to the interest of University.

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 52 of the Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic University Adhiniyam, 2006 (No. 15 of 2008), the State Government, hereby directs that the provisions of sub-section (2), (3), (4) and (5) of section 52 of the said Act shall apply to the said University from 29th August, 2011.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
B.P. SINGH, Principal. Secy.

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

क्र. एफ-52-2-2010-अड़तीस-3.—यतः विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के कार्यकलापों के कुप्रबंध के संबंध में, राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 52 की उपधारा (1) के अनुसरण में, समसंख्यक

अधिसूचना दिनांक 30 अगस्त, 2010 जारी की थी, जिसमें यह निर्देशित किया गया था कि उक्त अधिनियम की धारा 13, 14, 20 से 25, 40, 47, 48, 54 एवं 67 के उपबन्ध, उक्त अधिनियम की तृतीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट उपांतरणों के अध्यधीन रहते हुए उक्त विश्वविद्यालय को 30 अगस्त, 2010 से लागू होंगे.

अतएव, उक्त अधिनियम की धारा 52 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त अधिसूचना के प्रवर्तन होने की कालावधि को और एक वर्ष की कालावधि तक के लिए बढ़ाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. पी. सिंह, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

क्र. एफ-52-2-2010-3-अड़तीस.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-52-2-2010-3-38, दिनांक 29 अगस्त 2011 का, अंग्रेजी अनुवाद, राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. पी. सिंह, प्रमुख सचिव.

Bhopal, the 29th August 2011

No. F.-52-2-2010-XXXVIII-3.—WHEREAS, due to mismanagement of affairs of Vikram University, Ujjain, the State Government, in pursuance of sub-section (1) of Section 52 of the Madhya Pradesh Vishwavidyalaya Adhiniyam, 1973 (No. 22 of 1973), has issued a notification of even number dated 30th August, 2010, whereby directed that the provisions of Section 13, 14, 20 to 25, 40, 47, 54 and 67 of the said Act shall apply to the said university subject to the modification specified in the third Schedule to the Act from 30th August, 2010.

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (2) of section 52 of the said Act, the State Government, hereby extends the period of operation of the said notification by further period of one year.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
B. P. SINGH, Principal. Secy.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2011

क्र. एफ- 3-41-2011-बत्तीस.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) के अन्तर्गत, एतद्द्वारा, नैनपुर निवेश क्षेत्र की सीमायें निम्न अनुसूची में दर्शाये अनुसार परिनिश्चित करता है:—

अनुसूची

नैनपुर निवेश क्षेत्र की सीमाएं

1. **उत्तर में**—ग्राम सालीवाड़ा माल, ग्राम सालीवाड़ा चाक, ग्राम गोकुल थाना, ग्राम हीरापुर, ग्राम निवारी.
2. **पूर्व में**—ग्राम हीरापुर, ग्राम निवारी, नैनपुर (न.पा.) ग्राम गोझी.
3. **दक्षिण में**—ग्राम अतरिया, ग्राम धनोरा, ग्राम गोझी.
4. **पश्चिम में**—ग्राम सालीवाड़ा चक, ग्राम धनौरा, नैनपुर (न.पा.).

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
वर्षा नावलेकर, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2011

क्र. एफ-13-6-2010-बत्तीस-1.—मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल अधिनियम, 1972 (क्रमांक 3 सन् 1972) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री रामपाल सिंह, सी.-15 शिवाजी नगर, भोपाल को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश गृह निर्माण तथा अधोसंरचना विकास मण्डल के पद पर नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. डी. अग्रवाल, उपसचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 अगस्त 2011

क्र. एफ-3-06-2010-दो-ए(3)—**शुद्धिपत्र.**—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 25 जून, 2010 के

तहत सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये सम्पन्न विभागीय परीक्षा ''अप्रैल, 2010'' के प्रश्नपत्र दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया-द्वितीय (पुस्तकों सहित) में इन्दौर संभाग से सम्मिलित श्री संतोष ठाकुर, राजस्व निरीक्षक अंकित है, के स्थान पर ''इन्दौर संभाग'' से सम्मिलित ''श्री संतोष कोठारी, राजस्व निरीक्षक'' पढ़ा जाए.

क्र. एफ 3-09-2010-दो-ए(3)-**शुद्धिपत्र**.—राज्य शासन द्वारा इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 29 जून, 2010 के तहत सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये सम्पन्न विभागीय परीक्षा ''अप्रैल, 2010'' के प्रश्नपत्र पंचायत राज विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) में इन्दौर संभाग से सम्मिलित श्री रविकान्त पाण्डेय राजस्व निरीक्षक अंकित है, के स्थान पर ''इन्दौर संभाग'' से सम्मिलित ''श्री शिवाकान्त पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक'' पढ़ा जाए.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुरेन्द्र कुमार उपाध्याय, उपसचिव.

वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2011

क्र. एफ 13-7-11-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन सतपुड़ा ताप विद्युत् गृह क्रमांक 1 की इकाई क्रमांक 8 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम. पी. /3514 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा-6(सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 16 जुलाई 2011 से 15 जनवरी 2012 तक छः माह के लिये छूट देता है:—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचाने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा-18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इन्दौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा-02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियत कालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969, के नियम-6 की अपेक्षानुसार सदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

क्र. एफ 13-8-11-अ-ग्यारह.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन सतपुड़ा ताप विद्युत् गृह क्रमांक 1 की इकाई क्रमांक 1 के वाष्पयंत्र क्रमांक एम.पी./3205 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा-6(सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 15 जुलाई 2011 से 14 अक्टूबर 2011 तक तीन माह के लिये छूट देता है:—

1. संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर्स अधिनियम, 1923 की धारा-18(1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश, इन्दौर को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

2. उपर्युक्त अधिनियम की धारा-02 तथा 13 की अपेक्षानुसार बायलर मुख्य निरीक्षक मध्यप्रदेश के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

3. संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि यह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

4. नियत कालिक सफाई और नियमित रूप से गैस निकलने (रेग्युलर ब्लोडाऊन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

5. मध्यप्रदेश बायलर निरीक्षक नियम, 1969, के नियम-6 की अपेक्षानुसार सदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क अग्रिम दी जावेगी एवं

6. यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापस ले सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भरत कुमार व्यास, सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2011

फा. क्रमांक 1(बी)-15-04-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र स्व. श्री प्रकाश नारायण श्रीवास्तव, अधिवक्ता को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिये होशंगाबाद सत्र खण्ड के होशंगाबाद राजस्व जिले के लिये अति. लोक अभियोजक, होशंगाबाद, नियुक्त करता है, तथापि यह नियुक्ति एक माह का सूचना-पत्र देकर बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है.

भोपाल, दिनांक 6 सितम्बर 2011

फा. क्रमांक 2011-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी श्री करीम दाद खान, प्रिंसीपल रजिस्ट्रार (Inspection & Vigilance) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर की सेवाएं मध्यप्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति किए जाने हेतु, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने तक, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल को सौंपता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 अगस्त 2011

फा. क्रमांक 1(सी) 27-2006-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण), अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालयों के लिये अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत श्रीमति सुमन जैन अधिवक्ता को जिला दमोह में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

(2) उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी, बिना कोई कारण बताये एक माह का नोटिस देकर यह नियुक्ति समाप्त की जा सकती है.

(3) नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी)/एट्रोसिटी/इक्कीस-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल 2008 के अनुरूप देय होंगे.

(4) इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 64-मुख्य शीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अन्तर्गत विकलनीय होगा.

(5) देयकों का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2011

क्र. डी-15-05-2011-चौदह-3.—चूंकि, राज्य शासन द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक/डी-15-05/-2011/14-3, दिनांक 15 जून, 2011 द्वारा मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 70 की उपधारा (1) के खण्ड (एक) के उपबन्धों के अधीन शिवपुरी जिले की तहसील खनियाधाना की कृषि उपज मंडी समिति खनियाधाना के क्षेत्र में (जो इसमें इसके पश्चात् ''उक्त मंडी क्षेत्र'' के नाम से विनिर्दिष्ट है) को अपवर्जित करके उक्त मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करने के अपने आशय को संज्ञापित किया गया था.

अतएव, मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 71 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस अधिसूचना का मध्यप्रदेश ''राजपत्र'' में प्रकाशन होने के दिनांक से उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेखित ग्राम में समाविष्ठ ''उक्त क्षेत्र'' को शिवपुरी जिले की कृषि उपज मंडी समिति खनियाधाना के मंडी क्षेत्र में अपवर्जित करते हुये ''उक्त मंडी क्षेत्र'' की सीमाओं में परिवर्तन किया जाता है.

अनुसूची

1. अमरपुरा (देवरा) 2, बघरवारा, 3. पीपलखेड़ा, 4. रामनगर, 5. रही, 6. बनोटा, 7. सलोरा, (असली), 8. रूपनबारा, 9. प्राणपुरा, 10. दविया जगन, 11. नगरैला, 12. कुटावली, 13. बीरपुर, 14. चिरौना, 15. किशनपुरा, 16. दबियाकला, 17. बदनपुर, 18. सुजवाहा, 19. पड़रा, 20. नयागांव (गजोरा), 21. मानपुर, 22. राजपुर, 23. चंदूपहाड़ी, 24. गरैठा 25. गुगरी, 26. कुन्दनपुर (गूगर), 27. लहर्रा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय सिंह गंगवार, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2011

क्र. डी-15-05-2011-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 5 सितम्बर 2011 का, अंग्रेजी अनुवाद, राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय सिंह गंगवार, उपसचिव.

Bhopal, the 5th September 2011

No. D-15-05-2011-XIV-3.—WHEREAS, by this department's Notification No. D-15-05-2011/XIV-3, dated 15th June, 2011 issued under the provisions of clause (i) of sub-section (1) of section 70 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government have signified its intention to alter the limit of the market area of Krishi Upaj mandi Commettee Khaniadhana of District Shivpuri (hereinafter referred to as the "said market area") by execluding herefrom the area comprising of following village (hereinafter referred to as the "said area").

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of section 71 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government, from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette, hereby alter the limits of the "said market area" for the purpose of the said Act, by excluding therefrom at the "said area" comprising of following village mention in the schedule thereinwith the market area of Krishi Upaj Mandi Commettee Khaniadhana of District Shivpuri.

SCHEDULE

1.Amarpur (Devra). 2. Bagharwar, 3.Peepalkheda, 4. Ramnagar, 5. Rhi, 6. Banota, 7.Salora (Asli), 8. Rupanwara, 9. Pranpura, 10. Daviyal Jagan, 11. Nagrela, 12. Kutawali, 13. Birpur, 14. Chirouna, 15. Kishanpura, 16. Dabiyakala, 17. Badanpur, 18.Sujwaha, 19. Padra, 20. Nayagawn (Gajaoura). 21. Maanpur, 22. Rajpur, 23. Chandupahadi, 24. Garetha, 25. Gugari, 26. Kundanpur (Gugar), 27. Laharra.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
AJAY SINGH GANGWAR, Dy. Secy.

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2011

क्र. डी-15-05-2011-चौदह-3.—चूंकि, राज्य शासन द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक/डी-15-05/-2011/14-3, दिनांक 15 जून, 2011 द्वारा मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 70 की उपधारा (1) के खण्ड (एक) के उपबन्धों के अधीन शिवपुरी जिले की तहसील पिछोर की कृषि उपज मंडी समिति पिछोर के क्षेत्र में (जो इसमें इसके पश्चात् "उक्त मंडी क्षेत्र" के नाम से विनिर्दिष्ट है) को सम्मिलित करके उक्त मंडी क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन करने के अपने आशय को संज्ञापित किया गया था.

अतएव, मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 71 की उपधारा (2) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, इस अधिसूचना का मध्यप्रदेश "राजपत्र" में प्रकाशन होने के दिनांक से उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेखित ग्राम में समाविष्ठ "उक्त क्षेत्र" को शिवपुरी जिले की कृषि उपज मंडी समिति पिछोर के मंडी क्षेत्र में सम्मिलित करते हुये, "उक्त मंडी क्षेत्र" की सीमाओं में परिवर्तन किया जाता है.

अनुसूची

1. अमरपुरा (देवरा) 2, बघरवारा, 3. पीपलखेड़ा, 4. रामनगर, 5. रही, 6. बनोटा, 7. सलोरा, (असली), 8. रूपनबारा, 9. प्राणपुरा, 10. दविया जगन, 11. नगरैला, 12. कुटावली, 13. बीरपुर, 14. चिरौना, 15. किशनपुरा, 16. दबियाकला, 17. बदनपुर, 18. सुजवाहा, 19. पड़रा, 20. नयागांव (गजोरा), 21. मानपुर, 22. राजपुर, 23. चंदूपहाड़ी, 24. गरैठा 25. गुगरी, 26. कुन्दनपुर (गूगर), 27. लहर्रा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय सिंह गंगवार, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2011

क्र. डी-15-05-2011-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 5 सितम्बर 2011 का, अंग्रेजी अनुवाद, राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा, प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय सिंह गंगवार, उपसचिव.

Bhopal, the 5th September 2011

No. D-15-05-2011-XIV-3.—WHEREAS, by this department's Notification No. D-15-05-2011/XIV-3, dated

15th June, 2011 issued under the provisions of clause (i) of sub-section (1) of section 70 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government have signified its intention to alter the limit of the market area of Krishi Upaj Mandi Commettee Pichhore of District Shivpuri (hereinafter referred to as the "said market area") by including here with the area comprising of following village (hereinafter referred to as the "said area").

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (2) of Section 71 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government, from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette, hereby alter the limits of the "said market area" for the purpose of the said Act by including the "said area" comprising of following village mention in the schedule thereinwith the market area of Krishi Upaj Mandi Commettee Pichhore of District Shivpuri,

SCHEDULE

1.Amarpur (Devra). 2. Bagharwara, 3.Peepalkheda, 4. Ramnagar, 5. Rhi, 6. Banota, 7.Salora (Asli), 8. Rupanwara, 9. Pranpura, 10. Daviyal Jagan, 11. Nagrela, 12. Kutawali, 13. Birpur, 14. Chirouna, 15. Kishanpura, 16. Dabiyakala, 17. Badanpur, 18.Sujwaha, 19. Padra, 20. Nayagawn (Gajaoura). 21. Maanpur, 22. Rajpur, 23. Chandupahadi, 24. Garetha, 25. Gugari, 26. Kundanpur (Gugar), 27. Laharra.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
AJAY SINGH GANGWAR, Dy. Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

श्रमायुक्त, कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 13 जुलाई 2011

क्र. 1-2-नवम-(1) 86.—मैं, पी. के. दास, श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश, शासन के श्रम विभाग आदेश क्रमांक 473-7258-16, दिनांक 24 जनवरी 1961 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 (क्रमांक 25 सन् 1958), की धारा 40 की उपधारा (2) के अन्तर्गत निम्न सारिणी के स्तंभ क्रमांक (2) में दर्शाये गये श्रम उप निरीक्षकों को इसी सारणी के स्तंभ क्रमांक (3) में दर्शाये गये स्थानीय क्षेत्रों के लिये "निरीक्षक" नियुक्त करता हूं.

क्रमांक	श्रम निरीक्षक का नाम	अधिकार क्षेत्र
(1)	(2)	(3)
1.	श्रीमती कल्पना बागे	संपूर्ण राज्य में सभी स्थानीय क्षेत्रों एवं सभी प्रकार के संस्थान के लिये जिन पर यह अधिनियम लागू होता है.
2.	श्री एस. आर. लोण्ढे	
3.	श्री सुनील सप्रे	
4.	श्री रामचंद्र चौहान	
5.	श्री एस. के. नायक	
6.	श्री गणपतसिंह जाटव	
7.	श्री के. एम. मोरे	
8.	श्री कोमल सिंह	
9.	श्री रत्नराज बहादुर	
10.	श्री बद्रीलाल खराड़िया	
11.	श्री बलिराम मंडलोई	

पी. के. दास, श्रमायुक्त.

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन

उज्जैन, दिनांक 30 अगस्त 2011

क्र. पासंवि-वी.सी.-जी-2-11-1082.—महामहिम राज्यपाल एवम् महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के आदेश क्रमांक एफ. 1-2-रा.स.-यू.ए.-1-2011-1121, दिनांक 29 अगस्त 2011 द्वारा विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 52 की उपधारा (3) के परन्तुक के अन्तर्गत प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी को महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है.

उक्त आदेश के परिपालन में प्रो. मिथिला प्रसाद त्रिपाठी ने आज दिनांक 30 अगस्त 2011 को मध्यान्ह 12 बजे कुलपति का पदभार ग्रहण कर लिया है.

मनोज कुमार तिवारी, कुलसचिव.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश

आदेश

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2011

क्र. एफ. 67-94-10-तीन-1366.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत कन्नौद, जिला देवास** के आम निर्वाचन में **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर पंचायत के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर (अर्थात् दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से दिनांक 18 जनवरी 2010 तक), **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **देवास** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **देवास** के पत्र दिनांक 21 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का अपूर्ण लेखा दाखिल किया गया.

विहित समयावधि में अपूर्ण व्यय लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर, आयोग के पत्र दिनांक 6 फरवरी 2010 द्वारा जिला स्थर पर अभ्यर्थी श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर का व्यय लेखा पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये. संयुक्त कलेक्टर से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 2 फरवरी 2011 द्वारा प्रतिवेदित किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती अयोध्याबाई** द्वारा प्रस्तुत अपूर्ण लेखे परिशिष्ट "ख" की पूर्णता हेतु इस कार्यालय द्वारा दिनांक 19 फरवरी 2010 एवं पुनः पत्र दिनांक 3 मई 2010 द्वारा सात दिवस में जिला निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय लेखा में परिशिष्ट-ख की पूर्णता किये जाने हेतु लिखा गया था, किन्तु श्रीमती अयोध्याबाई पूर्णता हेतु उपस्थित नहीं हुईं.

संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला देवास से उक्त प्रतिवेदन प्राप्त होने पर, अभ्यर्थी **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 14 मार्च 2011 जारी कर, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवास के पत्र दिनांक 14 जून 2011 द्वारा तहसीलदार कन्नौद के माध्यम से दिनांक 28 अप्रैल 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओं नोटिस में **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** को नोटिस दिनांक 28 अप्रैल 2011 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 13 मई 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला देवास से प्राप्त उक्त प्रतिवेदन दिनांक 14 जून 2011 द्वारा लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** द्वारा प्रतिवेदन दिनांक 14 जून 2011 तक अपूर्ण व्यय लेखे को पूर्ण नहीं किया, ना ही उनके कार्यालय में अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 28 जुलाई 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुईं. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली दिनांक 26 जुलाई 2011 को अभ्यर्थी **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** को कराई गई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय का अपूर्ण लेखा प्रस्तुत किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्धारित समयावधि में पूर्ण निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती अयोध्याबाई पति नन्दकिशोर** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत कन्नौद जिला देवास** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 3 सितम्बर 2011

क्र. एफ. 67-10-10-तीन-1368.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत बडौदा, जिला श्योपुर** के आम निर्वाचन में **श्री मुरारी लाल माहौर,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगर पंचायत के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, **श्री मुरारी लाल माहौर** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **श्योपुर** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **श्योपुर** के पत्र दिनांक 27 जनवरी 2010 द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री मुरारी लाल माहौर** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री मुरारी लाल माहौर** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 23 फरवरी 2010 को जारी कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर के माध्यम से दिनांक 8 मार्च 2011 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री मुरारी लाल माहौर** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री मुरारी लाल माहौर** को नोटिस दिनांक 8 मार्च 2011 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 23 मार्च 2011 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला श्योपुर से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 10 मई 2011 के द्वारा लेख किया है कि अभ्यर्थी द्वारा नोटिस में उल्लेखित अवधि में निर्वाचन कार्यालय में व्यय लेखा उक्त प्रतिवेदन दिनांक तक प्रस्तुत नहीं किया है.

